हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार 22 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38.3 डिग्री से.
न्यूनतम 28.0 डिग्री से.

11 सीमेंट व्यापारियों की समस्याएं सीएम तक पहुंचाई जाएंगी



12 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास किया



## खबर संक्षेप

### कैंटर ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल

**गोहाना।** खरखौदा-गोहाना मार्ग पर बली गोशाला के निकट तेज रफ्तार कैंटर की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कटवाल निवासी दिनेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त दीपक के साथ बाइक पर गोहाना से गांव लौट रहा था। जब वे बली गोशाला के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे कैंटर ने नियंत्रण खो दिया और उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डंपर की टक्कर से युवक की मौत, चालक फरार

**खरखौदा।** गोपालपुर मार्ग पर पुलिया के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरीदाबाद निवासी अमन झा ने पुलिस को बताया कि वह माल लेकर गोहाना जा रहा था। उसके साथ पड़ोसी धर्मवीर सिंह भी मौजूद था। रात करीब ढाई बजे गोपालपुर मार्ग पर पुलिया के पास सामने से गलत दिशा में आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल धर्मवीर को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

### कार और ऑटो से चुराए दो लैपटॉप




**सोनीपत।** एचएसआईआईडीसी कुंडली क्षेत्र में चोरों ने दो अलग-अलग वारदातों में लैपटॉप चोरी कर लिए। एक मामले में कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी किया गया, जबकि दूसरे मामले में ऑटो से लैपटॉप गायब कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोएडा निवासी रमेश चंद्र शुक्ला ने बताया कि वह काम के सिलसिले में कुंडली आए थे और अपनी कार फैक्ट्री के बाहर खड़ी कर अंदर चले गए। लौटने पर कार का पिछला शीशा टूटा मिला और बैग में रखा लैपटॉप गायब था। वहीं आगरा निवासी दीपांशु जैन का लैपटॉप ऑटो से चोरी हो गया। कुंडली थाना पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

# डॉक्टर बनने की राह का पहला पड़ाव पार 2310 अभ्यर्थियों ने दी नीट पुनर्परीक्षा

## महिला अभ्यर्थियों से हेयर बैंड, आभूषण व अन्य प्रतिबंधित सामान गेट पर उतरवाए गए

## परीक्षा केंद्रों पर अधीक्षक व इंस्पेक्टर स्तर के अफसरों की निगरानी में तैनात रही पुलिस

जिले के 8 केंद्रों पर हुई परीक्षा, 260 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी-2026) पुनर्परीक्षा रविवार को जिले के आठ परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच संपन्न हुई। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश का सपना संजोए हजारों अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। कुल 2570 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 2310 परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 260 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। प्रत्येक केंद्र पर अधीक्षक और इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। केंद्रों के आसपास सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 लागू रही।

पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाई गई तथा अभिभावकों को भी परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वारों से दूर रखा गया। अभ्यर्थियों को दोपहर 1:30 बजे तक ही केंद्रों में प्रवेश की अनुमति दी गई। प्रवेश से पहले दो चरणों में बायोमेट्रिक सत्यापन और दस्तावेजों की जांच की गई। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक चली। परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर और अन्य सुरक्षा उपकरण लगाए गए थे। फ्लाइंग स्क्वॉड और ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगातार निगरानी करते रहे। महिला अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले हेयर रबड़ बैंड, बालियां, कंगन, चूड़ियां, नोज पिन सहित अन्य प्रतिबंधित सामान बाहर जमा करवाना पड़ा। कई अभिभावक गेट पर ही अपने बच्चों के आभूषण और अन्य सामान संभालते नजर आए। केंद्रों के बाहर तैनात अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट रहे।



**सोनीपत।** मुरथल अड्डा पर बने परीक्षा केंद्र में रोल नंबर देखती छात्रा।



**सोनीपत।** केंद्र से दूर रहने की चेतावनी देता कर्मचारी।



**सोनीपत ।** मॉडल टाउन स्थित शिव मंदिर में अभ्यर्थियों का इंतजार करते अभिभावक।

### एसओपी का सख्ती से पालन किया : नेहा सिंह

परीक्षा शुरू होने के बाद अभिभावकों को केंद्रों से दूर कर दिया गया। ऐसे में कई अभिभावक मंदिरों, दुकानों और आसपास के घरों के बाहर छाया में बैठकर परीक्षा समाप्त होने का इंतजार करते रहे। जिलाधीश नेहा सिंह ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। सभी केंद्रों पर मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कड़ाई

# गत्ता फैक्ट्री में भीषण आग से दो शेड ढहे



- कुंडली के सेक्टर-56 स्थित फैक्टरी में रविवार तड़के लगी आग
- सोनीपत, पानीपत और बहादुरगढ़ से पहुंचीं 12 दमकल गाड़ियां
- करीब 10 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया नियंत्रण

**सोनीपत।** कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में रविवार तड़के एक गत्ता निर्माण फैक्टरी में भीषण आग लगने से करोड़ों रुपये का नुकसान हो गया। आग इतनी भयावह थी कि फैक्टरी के दो बड़े शेड ढह गए और अंदर रखा कच्चा माल, तैयार उत्पाद तथा मशीनें जलकर राख हो गईं। दमकल विभाग की 12 गाड़ियों ने करीब 10 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार अग्निकांड में 18 से 20 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-56 स्थित प्लॉट नंबर-381ए में बालाजी प्रिंट पैक नाम से गत्ता निर्माण फैक्टरी संचालित है। रविवार सुबह करीब पांच बजे फैक्टरी से धुआं और आग की लपटें उठती देख चौकीदार ने तुरंत फैक्टरी संचालक कपिल जैन और दमकल विभाग को सूचना दी। जब तक दमकल टीमें मौके पर पहुंचीं, तब तक आग पूरे परिसर में फैल चुकी थी। आग की तीव्रता के चलते फैक्टरी के दो बड़े शेड भरभराकर गिर गए। इसके साथ ही वहां रखी महंगी मशीनें, भारी मात्रा में गत्ता और अन्य सामान आग की चपेट में आ गया। आग की गंभीरता को देखते हुए सोनीपत के अलावा पानीपत और बहादुरगढ़ से भी दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं। कुल 12 फायर टेंडरों ने मोर्चा संभालते हुए अलग-अलग दिशाओं से पानी की बौछारें शुरू कीं। दोपहर करीब तीन बजे आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जबकि अंदर सुलग रहे गत्ते के कारण देर शाम तक कूलिंग का कार्य चलता रहा। हादसे के समय फैक्टरी में उत्पादन कार्य बंद था और केवल सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। चौकीदार और कुंडली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सुरक्षा गार्डों की सतर्कता से समय रहते राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया जा सका। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# बिजली निगम के कर्मचारी पर रिवॉल्वर तानकर गोली चलाने का प्रयास, दो पर केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

गांव थाना खुर्द में बिजली निगम के एक कर्मचारी को धमकाने और उस पर गोली चलाने के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिजली निगम के सब डिवीजन सैदपुर में कार्यरत एएलएम पंकज यादव ने पुलिस को बताया कि विभागीय आदेशों के तहत गांव थाना खुर्द के पास गिरे हुए बिजली के खंभे को दोबारा स्थापित कर बिजली आपूर्ति बहाल की गई थी। 19 जून की सुबह गांव निवासी नवीन और अंकुश शिकायत केंद्र पहुंचे और खंभा लगाए जाने पर आपत्ति जताने लगे।

### अभद्र व्यवहार का आरोप

आरोप है कि दोनों ने कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और नौकरी से निकलवाने की धमकी दी। इसी दौरान नवीन ने कथित तौर पर रिवॉल्वर निकालकर पंकज यादव पर गोली चलाने का प्रयास किया। घटना से कर्मचारियों में दहशत फैल गई। शिकायतकर्ता ने घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



- बिजली का खंभा दोबारा लगाने को लेकर विवाद के बाद हुआ हंगामा
- शिकायतकर्ता ने पुलिस को सौंपी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग
- आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज, जांच शुरू

### डाकघर में घुसकर कर्मचारी से मारपीट, सरकारी रिकॉर्ड को पहुंचाया नुकसान

**खरखौदा।** गांव सिसाना स्थित डाकघर में कार्यरत एक कर्मचारी से मारपीट करने और सरकारी रिकॉर्ड को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। सीटावली (मोहाना) निवासी हर्ष कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सिसाना डाकघर में असिस्टेंट ब्रांच पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत है। 20 जून को एक व्यक्ति की डाक को लेकर हुई बातचीत के बाद वह नाराज हो गया और डाकघर पहुंच गया। आरोप है कि आरोपी ने डाकघर में घुसकर अभद्र व्यवहार किया और हर्ष कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने कुर्सी उठाकर कर्मचारी के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही सरकारी डाक रिकॉर्ड और डाक सामग्री को भी नुकसान पहुंचाया गया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने गांव सिसाना निवासी संजीत दहिया के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

# प्रेम कॉलोनी में युवक पर हमला, पेट में चाकू घोंपा

**कुंडली।** प्रेम कॉलोनी में गली में खड़े एक युवक पर हमला कर पेट में चाकू घोंपने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नौ आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश के सीतापुर निवासी आशीष ने पुलिस को बताया कि वह प्रेम कॉलोनी में किराये के कमरे में रहता है। वह कमरे के बाहर गली में खड़ा था। इसी दौरान आठ-नौ युवक वहां पहुंचे और उससे झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर धीरेंद्र नामक युवक ने चाकू से उसके पेट पर वार कर दिया।

### मारपीट का आरोप

आरोप है कि रवि सहित अन्य युवकों ने भी उसके साथ मारपीट की। घायल आशीष को परिजन पहले नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे दिल्ली स्थित एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर बयान दर्ज किए।

कुंडली थाना पुलिस ने धीरेंद्र, रवि और उनके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश कर रही है।



- प्रेम कॉलोनी में वारदात, गंभीर हालत में दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती
- धीरेंद्र, रवि समेत नौ युवकों पर हमला करने का आरोप
- पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही जांच टीम

# बाइक की टक्कर से आठ वर्षीय बच्ची घायल, केस

**गन्नौर।** बादशाही रोड स्थित बीएसटी कॉलोनी के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से आठ वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चैनत (हांसी) निवासी रानी ने पुलिस को बताया कि वह करीब 20 दिन पहले अपने बच्चों के साथ गन्नौर में अपने भाई के पास रहने आई थी। शुक्रवार सुबह वह अपनी बेटी महक और भाई के मित्र अमित कुमार के साथ बीएसटी कॉलोनी के पास खड़ी थी। इसी दौरान सड़क पार करते समय तेज गति से आ रही बाइक ने महक को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची के कंधे, पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है।

जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर बीएसटी कॉलोनी निवासी बाइक चालक वंशु के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- बादशाही रोड स्थित बीएसटी कॉलोनी के पास हुआ हादसा
- कंधे, पैर और चेहरे पर आईं गंभीर चोटें, निजी अस्पताल में उपचार जारी
- पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

## बढ़ती गर्मी से बिजली की मांग 1.72 करोड़ यूनिट के पार पहुंची

# मानसून का इंतजार: कमजोर पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा मौसम, गर्मी-उमस से अभी राहत नहीं

## कल से मौसम में बदलाव के आसार, 25 तक हल्की बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मानसून की धीमी चाल और प्री-मानसून गतिविधियों के सुस्त रहने से जिले के लोगों को गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल पा रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह बादल छाए रहने और देर शाम तेज हवाएं चलने से कुछ राहत मिली, लेकिन दिनभर उमस ने लोगों को परेशान किए रखा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 23 जून तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। हालांकि व्यापक बारिश की संभावना फिलहाल कम है, लेकिन 25 जून तक हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हो सकती है, जिससे तापमान में कुछ गिरावट आने की उम्मीद है। गर्मी का असर बिजली खपत पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बारिश नहीं होने और तापमान अधिक रहने के कारण एसी व कूलरों का उपयोग लगातार बढ़ा है। इसके साथ ही खरीफ सीजन शुरू होने से कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़ गई है। जिले में बिजली खपत बढ़कर 1.72 करोड़ यूनिट से अधिक पहुंच गई है, जिससे कई स्थानों पर फाल्ट और अघोषित कटौती की समस्या भी सामने आ रही है। उधर, मौसम की बेरुखी का असर कृषि कार्यों पर भी पड़ रहा है। जिले में इस वर्ष 90 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन पर्याप्त बारिश न होने से रोपाई कार्य अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा। मौसम विशेषज्ञ प्रो. चंद्रमोहन के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के संकेत मिल रहे हैं। इसके प्रभाव से मानसून को गति मिल सकती है और आने वाले दिनों में प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ने की संभावना है।



**सोनीपत।** कच्चे क्वार्टर मार्केट में दोपहर को खरीदारी के लिए पहुंचे लोग।

# सिसाना गोशाला की आमसभा में प्रधान नियुक्ति पर मतभेद

**खरखौदा।** सिसाना स्थित धर्मार्थ गोशाला में प्रधान पद को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। प्रधान की नियुक्ति को लेकर की गई शिकायत के बाद जिला फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रार, सोनीपत की ओर से प्रतिनिधि मंजीत दहिया को जांच और बैठक के लिए गोशाला भेजा गया। गौशाला समिति की आमसभा (जनरल बॉडी) की बैठक में करीब 49 सदस्यों ने भाग लिया और अपने हस्ताक्षर दर्ज कराए। बैठक का मुख्य उद्देश्य सर्वसम्मति से प्रधान का चयन करना था। इस दौरान कई सदस्यों ने सुझाव दिया कि केवल मौजूद सदस्यों की ही नहीं, बल्कि गोशाला को नियमित रूप से आर्थिक सहयोग देने वाले दानदाताओं की राय को भी महत्व दिया जाना चाहिए। बैठक के बाद अधिकारियों और कुछ सदस्यों ने बाहर मौजूद लोगों से भी विचार-विमर्श किया, लेकिन वहां भी कोई सर्वसम्मत निर्णय नहीं हो सका। विवाद को बढ़ता देख उपस्थित लोगों ने समाधान के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय देने का सुझाव रखा, जिसे विभागीय प्रतिनिधि मंजीत दहिया ने स्वीकार कर लिया।

### सदस्यता रिकॉर्ड पर उठे प्रश्न

गोशाला के रिकॉर्ड में कुल 106 सदस्य दर्ज हैं। इनमें कई सदस्यों का निधन हो चुका है, जबकि कुछ की सदस्यता वार्षिक शुल्क जमा न होने के कारण स्पष्ट नहीं है। वहीं वर्तमान प्रधान रामकंवार दहिया का नाम रिकॉर्ड में सदस्य के रूप में दर्ज नहीं होने को लेकर भी सवाल उठाए गए। हालांकि गौशाला में पहले भी सर्वसम्मति के आधार पर जिम्मेदारियां सौंपने की परंपरा रही है। सूत्रों के अनुसार यदि एक सप्ताह के भीतर सर्वसम्मति नहीं बनती और चुनाव या प्रशासक नियुक्त करने की स्थिति आती है, तो मतदाता सूची, सदस्यता और पात्रता को लेकर नए विवाद खड़े हो सकते हैं।





## भिवानी का सितारा स्मारक

हरियाणा के भिवानी जिले में सितारा स्मारक एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल है। बताया जाता है कि यह 5वें राधास्वामी गुरु, परम संत ताराचंदजी महाराज की समाधि है, जिन्हें 'बड़े महाराज जी' के नाम से भी जाना जाता है। यह स्मारक एक षट्कोणीय संरचना है जो ज़मीन से 6 फीट की ऊँचाई पर तारे के आकार में बनी है और इसकी ऊँचाई 88 फीट है। यह स्मारक किसी खंभे या स्तंभ के बिना खड़ा है, जो इसे वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना बनाता है।

# अनमोल विरासत है बाबू बालमुकुंद गुप्त की जन्मस्थली गुड़ियानी

**अपनी प्राचीन कलात्मक कारीगरी के लिए प्रसिद्ध गुड़ियानी को यदि हवेलियों का गांव कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। गुड़ियानी के हर पान्ने में पांच-सात ऐसी हवेलियां आज भी मौजूद हैं, जिनकी वास्तुकला अनूठी है।**





महिमा

सत्यवीर नाहड़िया

कलम के माध्यम से नवजागरण, राष्ट्रीयता एवं आजादी की अलख जगाने वाले यशस्वी साहित्यकार एवं मूर्धन्य पत्रकार स्व. बाबू बालमुकुंद गुप्त की जन्मस्थली गांव गुड़ियानी (रेवाड़ी) अपने आंचल में राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द तथा सांस्कृतिक चेतना की अनूठी स्मृतियां सहेजे है। यही कारण है कि आज गुप्तजी की यह पावनस्थली देश व प्रदेश में अनमोल विरासत के रूप में देखी जाती है।

आज भले ही भारतेंदु युग के सेनापति कहे जाने वाले हिंदी परिष्कारक गुप्त को यह नश्वर देह त्यागे एक सदी बीत चुकी है, फिर भी गुड़ियानी स्थित हवेलियों, पाठशालाओं, मंदिरों, मस्जिदों, बाजारों, छतरियों, कुओं, खेत-खलिहानों तथा बाग-बगीचों को देखकर लगता है कि वे यहीं कहीं मौजूद हैं। पत्रकारिता, साहित्य तथा सांस्कृतिक चेतना के क्षेत्र में उनकी लेखनी वर्तमान परिवेश में और अधिक प्रासंगिक हो चली है, जिसके चलते गुड़ियानी एक साहित्यिक ग्राम के रूप में लब्धप्रतिष्ठ होकर गुप्त जी के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व को अनायास याद दिलाता प्रतीत होता है, जहां उनकी पैतृक हवेली किसी साहित्यिक तीर्थ से काम नहीं है। हरियाणा प्रांत के रेवाड़ी जिले में कोसली उपमंडल तथा नाहड़ विकास खण्ड के गांव गुड़यिानी में सन 1865 में जन्मे बाबूजी की जन्मस्थली को सांस्कृतिक धरोहर कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी,जो अपने आंचल में आज भी उनकी पावन स्मृतियां सहेजे है। बेरों, घोड़ों, हवेलियों तथा वैद्यों के लिए प्राचीनकाल से विख्यात गांव गुड़ियानी नई पीढ़ी के लिए अनमोल विरासत है। यह पहलू गुड़ियानी के बारे में प्रचलित एक प्राचीन कहावत में भी देखने को मिलता है-

*चहार चीज अज तोहफा-ए-गुड़ियानी।*
*बेर, सौदागर, घोड़े, कोठी का पानी।।*

कहते हैं कि जहां आजादी प्राप्ति से पूर्व गुड़ियानी में बेरों के सौ बाग थे, वहीं यह पहलू आज भी कम दिलचस्प नहीं है कि क्षेत्र में बेरों की बिक्री गुड़यिानी के बेर कहकर की जाती है। यह उल्लेखनीय पहलू भी कम महत्व नहीं रखता कि प्रथम विश्वयुद्ध में अंग्रेजी सेना को लगभग पचास फीसदी घोड़े इस क्षेत्र के पठानों ने मुहैया करवाए थे, जिनका केन्द्र गुड़ियानी था। गुड़ियानी के नामकरण के संदर्भ में अनेक मत प्रचलित हैं, जिनमें दो उल्लेखनीय हैं। पहला यह है कि करीब छह सौ साल पहले गजनी से आकर मसहखां नामक पठान ने यह गांव बसाया था,जिसकी प्रजाति गौरियानी थी। वस्तुतः इसका गाम गौरियानी रखा गया, जो कालचक्की में पिसते-पिसते गुड़ियानी हो गया। एक अन्य प्रचलित मत के मुताबिक इस गांव को गुड़िया नामक राजपूत ने करीब छह सौ साल पहले बसाया था। इसके अलावा सन् 1350 ई. में दिल्ली से आए तोमर गोत्रीय जाट द्वारा बसाए जाने का संदर्भ भी आता है। इनमें से मसहखां प्रकरण ज्यादा प्रामाणिक है क्योंकि मसहखां, मुरशेदखां तथा वयातखां नामक तीन सगे भाइयों द्वारा बसाये गए क्रमशः गुड़ियानी, जखाला व भूरियावास गांव साथ-साथ लगते हैं तथा इन तीन भाइयों की औलाद द्वारा बसाये गए रसूलपुर, शादीपुर, मुंदड़ा, मलेशियावास नामक गांव भी गुड़ियानी क्षेत्र के अंतर्गत ही आते हैं।

गुड़ियानी में जन्मे एक बालक ने अंग्रेजीकाल में साहित्य एवं पत्रकारिता में अपनी कलम से आजादी की अलख जगायी। राष्ट्रीयता, सांस्कृतिक व भाषायी अलख के प्रणेता बाबू बालमुकुंद गुप्त का जन्म एवं आरंभिक पढ़ाई इसी गांव में हुई तथा विषम व विकट प्रस्तुतियों में सियालकोट से होडल तक फैले महापंजाब की पांचवीं कक्षा में अव्वल रहकर गुड़ियानी गांव, गुरुजनों व माता-पिता का नाम रोशन किया। पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में इसी बालक ने अपनी कलम का लोहा मनवा कर आजादी की अनूठी अलख जगाई तथा पत्रकारिता क्षेत्र में नए मानदण्ड स्थापित किए।

गुड़ियानी क्षेत्र अपने वैद्यों के लिए भी जाना जाता है। प्राचीनकाल का प्रमुख व्यापारिक केन्द्र रहा यह गांव अब कोसली विधानसभा तथा रोहतक लोकसभा क्षेत्र का भाग है। इस गांव को गुप्त की 100वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश सरकार ने उनके नाम पर आदर्श गांव घोषित कर, उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी थी। फिर गांव के सरकारी स्कूल का नामकरण उनके नाम से किया गया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर,रेवाड़ी में उनके नाम से पीठ तथा हरियाणा साहित्य अकादमी भवन, पंचकूला में उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। उनके नाम से अकादमी पुरस्कार प्रारंभ किए गए, जो आज भी दिए जा रहे हैं। ये सब कार्य पिछले 30 वर्षों में हुए हैं तथा अभी बहुत कुछ होना शेष है।

करीब पांच हजार वोटों वाले इस गांव में 17 वार्ड हैं। बढ़ेरा, तिहाग, कालेवाड़ा, बहादरवाड़ा, नामक पान्नों में बंटा गांव गुड़ियानी मुख्यतः दलित बाहुल गांव है, जिसमें अहीर, कुम्हार, वैश्य, माली, बाल्मीकि, खटीक, मीणा, ब्राह्मणों आदि जातियों के लोग भी काफी संख्या में है। गांव के अलावा ढाणियों में भी बड़ी संख्या में लोग रहते हैं।

अपनी प्राचीन कलात्मक कारीगरी के लिए प्रसिद्ध गुड़ियानी को यदि हवेलियों का गांव कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। गुड़ियानी के हर पान्ने में पांच-सात ऐसी हवेलियां आज भी मौजूद हैं, जिनकी वास्तुकला अनूठी है। भले ही अधिकांश हवेलियां आज खण्डहर हो चुकी हैं, फिर भी उनकी कलात्मकता एवं निर्माणशैली अनायास आकर्षित करती है। इन हवेलियों के बीच दो हवेलियां हिंदी नवजागरण के पुरोधा गुप्त की अनमोल स्मृतियों की मूक साक्षी रही हैं। ये दोनों हवेलियां आसपास हैं, जिनमें से वह हवेली जिसमें गुप्तजी का जन्म हुआ था, आज पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, किंतु दूसरी हवेली जिसका निर्माण स्वयं गुप्तजी ने करवाया था, आज भी अपनी विराटता व कलात्मकता के अलावा गुप्तजी की अनमोल यादों को सहेजे हुए है। यह हवेली उनके निधन के बाद कई दशकों तक बंद रही, जिसके चलते इसमें रखी उनकी अमूल्य निधियां धूल, दीमक की भेंट चढ़ गई। कभी लंबे अरसे तक बंदरों व कबूतरों की सैरगाह रही इस हवेली में आदमकद झाड़ियां व घास की भरमार थी, किंतु अब पिछले दो दशक से यह हवेली जीर्णोद्धार के बाद विभिन्न साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केन्द्र बनकर उभरी है। इस दो मंजिला इमारत में आज भी गुप्तजी तथा उनके समकालीन रचनाकारों का साहित्य, भारतमित्र के दुर्लभ अंक, साहित्यिक पत्र तथा संबंधित छायाचित्र आदि रखे हुए थे, जिन्हें उनके वंशजों ने हरियाणा एवं संस्कृति अकादमी को शोध कार्यों के लिए दे दिया। पिछले दिनों प्रदेश सरकार ने इस हवेली को संरक्षित स्मारक घोषित किया है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा साहित्य अकादमी के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में इस हवेली में गुप्त जी का संग्रहालय स्मारक तथा ई-लाइब्रेरी खोलने की घोषणा की थी, जो अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। इस स्मारक के संरक्षित होने की सरकारी अधिसूचना के बाद अब इस दिशा में संबंधित लंबित कार्य पूरा होने की नए सिरे से आस जगी है। क्षेत्र का प्रमुख व्यापारिक केन्द्र बन चुका गुड़ियानी साम्प्रदायिक सौहार्द की जीती-जागती मिसाल है। मंदिरों एवं मस्जिदों वाले इस गांव के हिन्दू लोग अगाध श्रद्धा से मुन्नीवाली मस्जिद में जाते हैं। मस्जिद की कलात्मक मीनारें, नक्काशी, तैलचित्र अनायास आकर्षित करते हैं। गांव के कालेवाड़ा व बढ़ेरा नामक मौहल्लों में स्थित दो ठाकुरद्वारे अपनी अनूठी निर्माणशैली व नायाब वास्तुकला के जीते-जागते नमूने हैं। गांव के विभिन्न मंदिरों में शिव मंदिर व श्याम मंदिर के अलावा अनेक प्राचीन छतरियां अपनी छाप छोड़ती हैं। साहित्यिक ग्राम में पठान संस्कृति के अवशेष रूप में अनेक खण्डहर, अस्तबल हवेलियां, ईदगाह आदि मौजूद हैं। गत कुछ दशकों से गुप्त जी को लेकर हो रहे काम से सुर्खियों में रहे गुड़ियानी गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं तथा जल निकासी की समस्याएं हैं। गत कई वर्षों से यशस्वी साहित्यकार स्व. बाबू बालमुकुंद गुप्त के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को चिरस्थायी एवं प्रेरणापुंज बनाने के लिए प्रयासरत संस्था बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद् (पंजीकृत) के संरक्षक अधिवक्ता नरेश चौहान 'राष्ट्रपूत' का विचार है कि प्रदेश सरकार तथा केन्द्र सरकार राष्ट्रीयता के अग्रदूत गुप्त की जन्मस्थली स्थित उनकी प्राचीन हवेली को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करके ही गुड़ियानी को राष्ट्रीय मानचित्र पर विशेष पहचान दे सकती हैं। गुड़ियानी की निकटवर्ती पहाड़ी भी अपने आंचल में शहीदों की मार्मिक दास्तान सहेजे है।

**इस दो मंजिला इमारत में आज तक भी गुप्तजी तथा उनके समकालीन रचनाकारों का साहित्य, भारतमित्र के दुर्लभ अंक, साहित्यिक पत्र तथा संबंधित छायाचित्र आदि रखे हुए थे, जिन्हें उनके वंशजों ने हरियाणा एवं संस्कृति अकादमी को शोध कार्यों के लिए दे दिया।**

प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों ने आजादी की गुहार करने वाले 114 रणबांकुरों को इसी पहाड़ी पर फांसी दी थी। इतिहास के अनूठे पृष्ठों को अपने आंचल में सहेजे गांव गुड़ियानी ने अनेक उतार चढ़ाव देखे हैं तथा मुगलों व अंग्रेजों के समय में अपनी वीरता एवं देशभक्ति प्रेरक इतिहास रचा है। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में गुड़ियानी के जांबाज योद्धा मोहम्मद आजमखां ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। आज वक्त का तकाजा है कि हरियाणा प्रदेश में जहां बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता विश्वविद्यालय एवं शोध संस्थान आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है, वहीं गुड़ियानी स्थित उनकी हवेली को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा दिया जाए। देखना यह है कि राष्ट्रीयता के अग्रदूत गुप्तजी की जन्मस्थली राष्ट्रीय मानचित्र पर कब पहचान बना पाती है?

---

कविता | नरेन्द्र कुमार



### ब्याह

चार तरहां के ब्याह हो रै,
ये दुनियादारी है।
किस ब्याह के ढंग बताऊं,
ये मुनिया प्यारी है।।

मां - बाप ढूंडै अच्छा छौरा,
काला हो या भूरा।
अनपढ़ हो या वो पढ़ा-लिखा,
भूखा हो या बहोरा ।।
ऐसी सामाजिक शादी करना,
अच्छी समझदारी है।
चार तरहां के ब्याह हो रै....

नयनों से जिनके नयन मिले,
मिले नहीं जिनकी शक्ल।
वे घर से भाग गए जो कमशल,
उनकी मारी गई अक्ल।।
भगौड़ा ब्याह करने वाले,
मां से गद्दारी है।
चार तरहां के ब्याह हो रै....

पढ़ लिखकर रोजगार लिया,
कोई साथी आन मिला।
तन,मन, धन, कुटुम्ब मिला,
मां - बाप को मान दिला।।
ऐसा प्रेम विवाह करना,
इसमें ना हलवारी है।
चार तरहां के ब्याह हो रै....

मन करता तब तक संग रहते,
मन भरता छोड़ देते।
मन करता तब चूड़ी पहन लेते,
मन करता फोड़ देते।।
मन मर्जी के ब्याह के भी,
भारे व्यापारी हैं।।
चार तरहां के ब्याह हो रै....

---

रागनी | मनोज वशिष्ठ



### प्रकृति का न्याय, मानस का लालच

मानस क्यूं भूल्या मर्यादा, तैने अति का जाल बिछाया रे।
यो जुल्म कमावै कुदरत पै, क्यूं भूल गया तेरी काया रे।।

ईश का बास है जर्रे-जर्रे में, ऋषि-मुनियां ने समझाया था। त्याग भाव तै भोग करो, वेदों ने ज्ञान सिखाया था।।
तैने कंक्रीट के जंगल चुन लिए, यो के अंधेर कमाया रे।
मानस क्यूं भूल्या मर्यादा, तैने अति का जाल बिछाया रे।।

नदियां का पानी जहर कर दिया, हवा में घोल दिया गाद रे।
जेठ की दुपहरी झुलसण लागी, बद्ल्या मौसम का मिजाज रे।।
टीले पिघलें कंचन बरफ के, तैने खुद का काल बुलाया रे।
मानस क्यूं भूल्या मर्यादा, तैने अति का जाल बिछाया रे।।

चौपाल की वो ठंडी छाँया, मटके का पानी भूल गया।
सादगी छोड़ के मानस, दिखावे की आंधी में झूल गया।।
सुघड़ कमंडल, नीम की छाँया, सारा वैभव तैने गंवाया रे।
मानस क्यूं भूल्या मर्यादा, तैने अति का जाल बिछाया रे।।

'एक पेड़ मां के नाम' लगा ले, इब भी सम्भलण का मौका सै।
प्रकृति के धौरे सब की खातर, लालच की खातर चौका सै।।
'वशिष्ठ' कहे सुण प्रबुद्ध मानस, क्यूं खुद पै कहर ढाया रे।
मानस क्यूं भूल्या मर्यादा, तैने अति का जाल बिछाया रे।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

आमटी तालाब | **पुराने अभिलेखों और लोकश्रुतियों में इसे अमृति तालाब के नाम से भी जाना जाता है**

# स्मृतियों में जीवित एक राजकुमारी की अमर गाथा



धरोहर

डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा के ऐतिहासिक नगर हांसी की पहचान केवल उसके विशाल किले, प्राचीन स्थापत्य और राजनीतिक इतिहास से नहीं बनती, बल्कि उन लोककथाओं से भी है जो पीढ़ियों से लोगों की स्मृतियों में जीवित हैं। ऐसी ही एक मार्मिक कथा है आमटी तालाब की, जिसे पुराने अभिलेखों और लोकश्रुतियों में अमृति तालाब के नाम से भी जाना जाता है। यह तालाब केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि एक ऐसी राजकुमारी की स्मृति का प्रतीक है जिसने अपने सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए जीवन का बलिदान दे दिया। हांसी का इतिहास अत्यंत प्राचीन माना जाता है। अनेक राजवंशों और शासकों ने यहां शासन किया।

मध्यकाल में यह नगर सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण था। इसी कालखंड से जुड़ी एक लोकगाथा आज भी क्षेत्र के बुजुर्गों की स्मृतियों में जीवित है। लोकविश्वास के अनुसार हांसी पर शासन करने वाले राजा श्रीपाल की पुत्री अमृति अपनी सुंदरता, साहस और आत्मसम्मान के लिए प्रसिद्ध थीं। कहा जाता है कि विदेशी आक्रमणों और राजनीतिक उथल-पुथल के दौर में जब राज्य पर संकट आया तो राजकुमारी अमृति को भी अपमान और बंदी बनने का खतरा उत्पन्न हो गया। उस



समय भारतीय समाज में सम्मान और आत्मगौरव को सर्वोच्च मूल्य माना जाता था। लोककथा के अनुसार अमृति ने परिस्थितियों के सामने झुकने के बजाय एक कठिन निर्णय लिया। उन्होंने नगर के निकट स्थित एक विशाल जलाशय में कूदकर अपने प्राण त्याग दिए। यह घटना नगरवासियों के मन पर इतनी गहरी छाप छोड़ गई कि उस जलाशय को राजकुमारी की स्मृति में अमृति तालाब कहा जाने लगा। समय के साथ स्थानीय बोली और उच्चारण में परिवर्तन हुआ और अमृति शब्द धीरे-धीरे "आमटी" में परिवर्तित हो गया। आज भी अनेक लोग इस जलाशय को आमटी तालाब के नाम से जानते हैं। इतिहासकारों का मानना है कि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसी अनेक लोककथाएं प्रचलित रही हैं जिनमें महिलाओं के साहस और आत्मसम्मान को विशेष महत्व दिया गया है। हालांकि इन कथाओं के सभी विवरणों का लिखित प्रमाण उपलब्ध नहीं है, फिर भी लोकस्मृति में उनका स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। आमटी तालाब की कथा भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि उस सामाजिक चेतना का प्रतीक है जिसमें सम्मान और स्वाभिमान को जीवन से भी अधिक मूल्यवान माना जाता था। हांसी का ऐतिहासिक किला इस कथा का मौन साक्षी प्रतीत होता है। लगभग एक हजार वर्ष पुराने इस किले ने अनेक युद्ध, राजनीतिक परिवर्तन और सांस्कृतिक उतार-चढ़ाव देखे हैं। किले की प्राचीरों और उसके आसपास के क्षेत्र में फैली लोककथाएं आज भी इतिहास और कल्पना के अद्भुत संगम का अनुभव कराती हैं। आमटी तालाब की कहानी भी इसी ऐतिहासिक परिवेश में विकसित हुई। लोकसाहित्य के दृष्टिकोण से देखें तो आमटी तालाब की कथा केवल अतीत का वर्णन नहीं करती, बल्कि समाज के मूल्यों को भी अभिव्यक्त करती है। हरियाणा की लोकसंस्कृति में वीरता, त्याग, आत्मसम्मान और सामुदायिक स्मृति का विशेष महत्व रहा है। यही कारण है कि सदियों बीत जाने के बाद भी यह कथा लोगों की जुबान पर बनी हुई है। आज जब आधुनिकता के प्रभाव में अनेक ऐतिहासिक स्थल और लोककथाएं विस्मृति के अंधकार में खोती जा रही हैं, तब आमटी तालाब जैसी स्मृतियां सांस्कृतिक संरक्षण की आवश्यकता का संदेश देती हैं। यदि इन स्थलों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण किया जाए, उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर शोध हो और स्थानीय समुदाय की सहभागिता से उन्हें संरक्षित किया जाए, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रह सकेंगी।

पर्यटन की दृष्टि से भी आमटी तालाब और उससे जुड़ी कथा महत्वपूर्ण हो सकती है। हांसी आने वाले पर्यटक केवल किला ही नहीं, बल्कि उस लोकइतिहास को भी जानना चाहते हैं जो इस नगर की आत्मा में बसता है। राजकुमारी अमृति की कथा, हांसी के प्राचीन किले और नगर की ऐतिहासिक विरासत को जोड़कर एक समृद्ध सांस्कृतिक पर्यटन परिपथ विकसित किया जा सकता है। आमटी तालाब की कहानी हमें यह भी सिखाती है कि इतिहास केवल राजाओं और युद्धों का विवरण नहीं होता। इतिहास उन लोगों की स्मृतियों में भी जीवित रहता है, जिन्होंने अपने जीवन से समाज को प्रेरणा दी। राजकुमारी अमृति की लोकगाथा चाहे इतिहास और किंवदंती के बीच कहीं स्थित हो, लेकिन वह हांसी की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। आज भी जब हांसी की पुरानी गलियों, किले की दीवारों और ऐतिहासिक स्थलों का उल्लेख होता है, तब आमटी तालाब का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। यह तालाब केवल एक जलाशय नहीं, बल्कि स्मृति, साहस और लोकविश्वास का वह दर्पण है जिसमें हांसी का अतीत आज भी प्रतिबिंबित होता दिखाई देता है।

***यदि इन स्थलों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण किया जाए, उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर शोध हो और स्थानीय समुदाय की सहभागिता से उन्हें संरक्षित किया जाए, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रह सकेंगी।***

---

# ग्लैमर नहीं किरदार के पीछे भागो : नैना



कलाकार

डॉ. तबस्सुम जहां

हरियाणा के शेक्सपियर एवं सूर्यकवि पंडित लखमीचंद के व्यक्तित्व और कृतित्व से कौन परिचित नहीं है। पूरे विश्व में उनकी चर्चाएं होती है उन पर शोध कार्य हो रहे हैं। आज आपको उनकी प्रपौत्र वधू नैना से रूबरू करवा रहे हैं, जो इस गौरवशाली लोक-साहित्यिक विरासत को आगे बढ़ाने वाले परिवार का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नैना ने दादा लखमीचंद यूनिवर्सिटी से स्नातक किया है और रंगमंच उनकी पहली मोहब्बत है। उन्होंने 'नचार', 'फांस', 'हाथ रुपया' और 'परिणीता' जैसी चर्चित फिल्मों में उल्लेखनीय कार्य किया है, जबकि 'फांस' के लिए उन्हें बेस्ट एक्टिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 'फांसले', 'छाया', 'मौत', 'निर्णय', 'यादें', 'उधेड़बुन' और 'दरार' जैसी शॉर्ट फिल्मों में भी उन्होंने अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। मंच नाटकों, नुक्कड़ नाटकों और हरियाणवी फिल्मों के साथ-साथ उन्होंने सुपवा के प्रोजेक्ट्स से भी महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है। उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में एक हरियाणवी फीचर फिल्म और पंडित लखमीचंद की विरासत पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री शामिल है।

नैना बताती हैं कि दादा लखमीचंद के प्रपौत्र चेतन कौशिक से विवाह के बाद जब वह इस परिवार की बहू बनी तो लगा जैसे माटी की खुशबू से रिश्ता जुड़ गया। स्वयं उनके शब्दों में -'ये परिवार सिर्फ घर नहीं, हरियाणा की लोक संस्कृति का जीता-





जागता स्कूल है। दादा लखमीचंद का नाम हर सांस में बसता है यहां। ऐसे परिवार का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य से बढ़कर गौरव की बात है। आधुनिकता और तकनीक के बढ़ते प्रभाव के कारण क्या सांग जैसी समृद्ध लोक परंपराएँ धीरे-धीरे हाशिए पर जा रही हैं? क्या वर्तमान पीढ़ी इन्हें अपेक्षित महत्व नहीं दे रही? जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर नैना बताती हैं कि तकनीक दुश्मन नहीं, सवारी है। हां, भीड़ रील्स की तरफ भाग रही है, पर असली बात में आज भी दम है। हम सांग को हाशिए पर नहीं जाने देंगे। बस उसे मोबाइल के साइज में ढालना है। युवा जुड़ेगा, गारंटी है। हरियाणा के अनेक लोक कलाकारों के परिजन आज अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए संघर्षरत हैं। साथ ही वे सरकारी सहयोग और अनुदान के अभाव में उपेक्षित भी महसूस करते हैं। नैना को इन लोक कलाकारों के संघर्ष पर दर्द होता है, जब देखते हैं कि जो संस्कृति बचाते हैं, वो खुद मुश्किल में हैं। सरकारी सहयोग मिलना चाहिए, पर उससे पहले युवा समाज को जागना होगा। बुजुर्गों ने तो बहुत साथ दिया, अब बारी हमारी है। जब तक हम अपनी लोक कलाओं को सम्मान नहीं देंगे, तब तक कलाकार का हौसला भी टूटेगा और संस्कृति भी। हमें मिलकर इस विरासत को बचाना है। नैना के अनुसार सांग की परंपरा में पुरुष कलाकारों द्वारा महिला पात्रों की भूमिका निभाने की विशेष परंपरा रही है। ये परंपरा मजबूरी नहीं, कला थी। उस दौर के हिसाब से ठीक थी। आज महिलाएं खुद मंच पर आ रही हैं, ये सबसे बड़ा बदलाव है। परंपरा की इज्जत करते हुए नए दौर को भी गले लगाना चाहिए। दोनों साथ चल सकते हैं। लोकनाट्य और सांग को आज के दर्शकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए भाषा को सरल बनाना और क्लिष्ट शब्दों को हटाना जरूरी है। साथ ही, लगभग डेढ़ घंटे के पावर-पैक सांग तैयार किए जाएं, ताकि दर्शकों की रुचि बनी रहे। उनका मानना है कि सांग को कॉलेज फेस्ट और कॉर्पोरेट कार्यक्रमों तक ले जाना चाहिए। इससे सांग पर लगा 'ओल्ड' का टैग हटेगा और वह 'गोल्ड' के रूप में स्थापित होगा। नैना के लिए रंगमंच उनकी रूह है। साथ में स्क्रिप्ट लेखन, डायरेक्शन में भी वह हाथ आजमा रही हैं। कैमरे के सामने अभिनय का अपना मज़ा है। कोशिश यही है कि हर कहानी में हरियाणा की माटी बोलती दिखे। व्यक्तिगत तौर पर एक फिल्म डायरेक्ट करना चाहती हैं जो पूरी दुनिया को हरियाणवी कल्चर दिखाए। दादा लखमी की विरासत के लिए एक डिजिटल आर्काइव भी बनाने पर विचार है, जहां उनकी सारी रचनाएं, ऑडियो, वीडियो एक क्लिक पर मिलें। नैना अभिनय के साथ फिल्म मेकिंग से भी जुड़ी रही हैं और डायरेक्टर-प्रोडयूसर रही हैं। उनका मानना है कि हरियाणा में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में महिलाएं कम हैं। रास्ता मुश्किल था, 'लुगाई के बस की बात ना' खूब सुना। पर जब कैमरा ऑन होता है तो जेंडर नहीं, विज़न चलता है। हरियाणा की महिलाएं अब डायरेक्शन, प्रोडक्शन में आ रही हैं। हरियाणवी सिनेमा और उसके कलाकारों ने गत वर्ष से बहुत तरक्की की है। बहुत से लोग बॉलीवुड में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। वह हरियाणवी सिनेमा का भविष्य सुनहरा मानती हैं । अब हमारे हरियाणा में भी एक सिनेमा की शुरुआत हो चुकी है।, नैना सुपवा के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताती हैं कि सुपवा मतलब अनुशासन और आज़ादी का संगम। वहां सीखा कि कला में रियाज़ और रिसर्च दोनों जरूरी हैं। सुपवा ने मुझे कलाकार से कर्मयोगी बनाया। रंगमंच और कैमरे के सामने अभिनय करने में नैना का मानना है कि रंगमंच वन टेक मैच है - तालियां तुरंत, गलती की माफी नहीं।

कैमरा टेस्ट सीरीज है - रीटेक है, पर इमोशन एक बार में पकड़ना है। मंच दिल देता है, कैमरा बारीकी सिखाता है। दोनों जरूरी हैं। नए कलाकारों के लिए उनका संदेश है कि ग्लैमर के पीछे मत भागो, किरदार के पीछे भागो। रियाज़ छोड़ोगे तो बाजार छोड़ देगा। हरियाणवी में सोचो, हरियाणवी में जियो, फिर देखना दुनिया तुम्हारी बोली बोलेगी और हां, दादा लखमीचंद की बातों का अनुसरण करो ,रास्ता खुद मिल जाएगा।

**हरियाणा में फिल्म निर्माण के क्षेत्र में महिलाएं कम हैं। रास्ता मुश्किल था, 'लुगाई के बस की बात ना' खूब सुना। पर जब कैमरा ऑन होता है तो जेंडर नहीं, विज़न चलता है। हरियाणा की महिलाएं अब फिल्म डायरेक्शन, प्रोडक्शन में आ रही हैं। हरियाणवी सिनेमा और उसके कलाकारों ने गत वर्ष से बहुत तरक्की की है। बहुत से लोग बॉलीवुड में भी अपना परचम लहरा रहे हैं।**

## खबर संक्षेप

### परिक्रमा कर दो भक्तों ने गोवंश सेवा के लिए दान दिया

**गोहाना।** राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट एवं जीव रुग्णावास द्वारा संचालित पानीपत रोड स्थित गोशाला में गोभक्तों ने पहुंचकर परिक्रमा की। दो भक्तों ने गोवंश की सेवा के लिए दान दिया। एचएसवीपी विभाग से सेवानिवृत्त एसडीओ विजय दहिया और गांव सिवानामाल के राजेंद्र सिंह गोशाला पहुंचे। दहिया ने गोशाला का निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाओं की सराहना की और गोसेवा को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को गोसेवा और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग देने के लिए आगे आना चाहिए।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, वाहन बरामद

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद की है। आरोपित की पहचान कैलाश कॉलोनी निवासी अभिषेक के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार राज मोहल्ला निवासी प्रवीण ने 3 जून को शिकायत दी थी कि उसने 2 जून की सुबह बाइक घर के बाहर खड़ी की थी, कुछ देर बाद वहां से गायब मिली। शिकायत के आधार पर सिविल लाइन थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। सहायक उप निरीक्षक शिवमुनी ने टीम संग कार्रवाई करते आरोपित अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया।

### खेत से ट्यूबवेल मोटर चोरी के आरोपी दबोचे

**सोनीपत।** मोहाना थाना पुलिस ने खेत से ट्यूबवेल की मोटर चोरी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा मोटर बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रतनगढ़ निवासी जगदीप उर्फ जग्गू और संजय उर्फ संजू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार रतनगढ़ निवासी दीपक ने 10 जून को शिकायत दी थी कि उसके खेत में लगे ट्यूबवेल की मोटर चोरी हो गई है। शिकायत के आधार पर मोहाना थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### निर्माणाधीन मकान से चोरी के आरोपी पकड़े

**सोनीपत।** शहर थाना पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से बिजली के तार, एसी की मोटर और केमिकल ड्रम चोरी करने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बाला निवासी दरभंगा, बिहार हाल अग्रसेन चौक और रोहित निवासी अरहरिया, बिहार हाल फौजी कॉलोनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वेस्ट राम नगर निवासी प्रेम सिंह ने शिकायत दी थी कि सेक्टर-23 स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात व्यक्ति बिजली के तार, एसी के आउटर की मोटर और अन्य सामान चोरी कर ले गए। शिकायत पर शहर थाना में मामला दर्ज किया गया था।

### फायरिंग करने के आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव तिहाड़ कलां निवासी मोहित के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गांव रेवली निवासी गुलाब उर्फ बाऊ ने शिकायत दी थी कि पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद 14 मार्च की रात सतीश, अंकित तथा अन्य लोगों ने उनके परिवार पर हमला कर दिया था। आरोप है कि हमलावरों ने डंडों, लाठी और अन्य हथियारों से मारपीट की तथा पिस्तौल से फायरिंग भी की।

### पिता का सम्मान करने का संकल्प लिया

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खंदराई द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय पितृत्व दिवस (फादर्स डे) के अवसर पर गांव खंदराई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीणों को पिता के महत्व और परिवार के निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। ग्रामीणों को पिता की आज्ञा का पालन करने व सम्मान करने का संकल्प कराया गया। जगमहेंद्र सिंह ने कहा कि पिता शिल्पकार की तरह बच्चों के व्यक्तित्व का निर्माण करता है। वह अपने जीवनभर संघर्ष कर परिवार की जिम्मेदारियां निभाता है।

# राज्यस्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता : पुरुष टीम में रोहतक, महिला में सोनीपत प्रथम

## हरियाणा स्पोर्ट्स विवि राई में पांचवीं फास्ट फाइव सीनियर प्रतियोगिता का समापन

- राज्यभर के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई परिसर में आयोजित पांचवीं फास्ट फाइव सीनियर राज्यस्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष व महिला) का रविवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता में महिला व पुरुष की अलग-अलग 16 टीमों ने भाग लिया। राज्यभर के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, राई के रजिस्ट्रार डॉ जसविंद्र सिंह, वशिष्ठ अतिथि के रूप में ऑर्गेनाइज्ड सेक्रेटरी सुनील राठी, नेटबॉल एसोसिएशन, चंडीगढ़ के प्रेसिडेंट विकास शर्मा, शबनम दहिया, करण सिंह डागर, रॉबिन मलिक, सुनीता, सुमित डागर ने शिरकत की। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें ईमानदारी से खेलने के लिए प्रेरित किया। एसोसिएशन की महासचिव बबीता दहिया ने बताया कि रविवार को हुए मुकाबले में पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में रोहतक ने सोनीपत को 15-10 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनीपत द्वितीय स्थान पर रहा। वहीं भिवानी ने कैथल को 15-12 से हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा महिला वर्ग में सोनीपत ने रोहतक को 12-08 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोहतक टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैथल ने झज्जर को 15-12 से हराकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।




**सोनीपत।** राई स्थित हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में आयोजित राज्यस्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि। फोटो : हरिभूमि



**गन्नौर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश स्वामी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर कश्यप विमोचन करते हुए। फोटो : हरिभूम

# पुस्तकें राष्ट्र चेतना को संरक्षित करने का देती है संदेश: कश्यप

- गांव की चौपाल में लेखक नरेश दास वैष्णव निम्बार्क की पुस्तकों का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रामनगर की चौपाल में सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, लेखक नरेश दास वैष्णव निम्बार्क की पुस्तकों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश स्वामी रहे, जबकि अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर कश्यप ने की। मंच संचालन रविन्द्र स्वामी ने किया। विमोचित पुस्तकों में यात्रा बंदूक से कलम तक, महंत बने महाराजा, रामनगर 422 वर्षों का अनसुना इतिहास, रणभूमि से तीर्थभूमि तक, जगतगुरु निम्बार्काचार्यजी तथा स्वर्णप्रस्था की गाथा प्रमुख रहीं। इसके अलावा वैष्णव बैरागी परंपरा और भारतीय इतिहास पर आधारित अंग्रेजी पुस्तकों का भी लोकार्पण किया। नरेश दास वैष्णव निम्बार्क ने कहा कि 18 वर्षों के शोध के बाद सोनीपत के महाभारतकालीन इतिहास तथा रामनगर के 422 वर्षों के इतिहास को पुस्तक के रूप में प्रस्तुत किया है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर कश्यप ने कहा कि उनकी पुस्तकें सनातन संस्कृति, इतिहास और राष्ट्र चेतना को संरक्षित करने का संदेश देती हैं।

# संतों की तपस्या समाज को सकारात्मक दिशा देने का करती है कार्य : कादियान

- चिरस्मी में तपस्या पूर्ण होने पर, पुरखास राठी स्थित दादा गाजी मर्द धाम पर धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूम न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव चिरस्मी में भीषण गर्मी के बीच पांच धूना के मध्य जगमहेंद्र नाथ द्वारा की गई 41 दिन की तपस्या के समापन पर रविवार को हवन यज्ञ, विशाल भंडारे और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने पहुंचकर जगमहेंद्र नाथ जी का आशीर्वाद लिया। भंडारे में सेवा भी की और श्रद्धालुओं के साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। विधायक कादियान ने कहा कि संतों की तपस्या केवल व्यक्तिगत साधना नहीं, बल्कि समाज और मानवता के कल्याण का माध्यम होती है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में तप, त्याग और परोपकार का विशेष महत्व है।



**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान जगमहेंद्र नाथ से आशीर्वाद लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा की सबसे बड़ी पहचान कार्य आधारित संस्कृति : डॉ. अर्चना

- कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा की अगुवाई में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का रविवार को गोहाना पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की अगुवाई में नागरिक अभिनंदन किया गया। यह समारोह सेक्टर-7 स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित हुआ। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा की कार्यकर्ता आधारित कार्य संस्कृति ही उसकी सबसे बड़ी पहचान है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज और संगठन के लिए काम करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं तथा केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो संगठन की मजबूत रीढ़ हैं। कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, निष्ठा और समर्पण के बल पर ही आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी बनी है। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर गोहाना भाजपा जिला प्रभारी डॉ. किरण कलकल, गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर सैनी, प्रदीप सांगवान, डॉ. रीटा शर्मा, तीर्थ राणा, महेन्द्र चिड़ाना, बलराम कौशिक, डॉ. राममेहर राठी व भूपेंद्र मुद्गिल आदि उपस्थित रहे।




**गोहाना।** मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की अगुवाई में डॉ. अर्चना गुप्ता का फूलों के बड़े हार से सम्मान प्रकट करते हुए। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा का स्वागत करते सीमेंट व्यापारी।

# सीमेंट व्यापारियों की समस्याएं सीएम तक पहुंचाई जाएंगी: वीरेंद्र बढ़खालसा

- पड़ोसी राज्यों से आ रहे सीमेंट और बीमा पोर्टल को लेकर व्यापारियों ने उठाए मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा ने रविवार को सोनीपत के औद्योगिक क्षेत्र में सीमेंट व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। कार्यक्रम में सीमेंट एसोसिएशन के प्रधान उमेद छिक्कारा और चेयरमैन दिनेश जैन ने उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान व्यापारियों ने पड़ोसी राज्यों से हरियाणा, विशेषकर सीमावर्ती जिलों में आ रहे सीमेंट के कारण स्थानीय कारोबार पर पड़ रहे प्रभाव और राज्य सरकार को होने वाले राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया। व्यापारियों ने इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने की मांग की। जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रधान संजय सिंगला ने व्यापारियों के लिए संचालित बीमा योजना के पोर्टल को अधिक सरल और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने का सुझाव दिया, ताकि अधिक व्यापारी इसका लाभ उठा सकें। इसके अलावा व्यापारिक गतिविधियों में आने वाली विभिन्न व्यावहारिक कठिनाइयों पर भी चर्चा हुई। वीरेंद्र बढ़खालसा ने आश्वासन दिया कि व्यापारियों द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने का प्रयास किया जाएगा।

# डाक कर्मचारी संघ के अधिवेशन में पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठी

- सोनीपत मंडल शाखा की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप-सी, सोनीपत मंडल शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन रविवार को हेड गवार भवन, सोनीपत में मंडलीय प्रधान विशाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अधिवेशन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया और विभिन्न कर्मचारी हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। सभा में कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन योजना को तत्काल लागू करने, निजीकरण पर रोक लगाने तथा टारगेट के नाम पर कर्मचारियों के उत्पीड़न को बंद करने की मांग उठाई। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।



**सोनीपत।** अधिवेशन के दौरान नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# स्थापना दिवस एवं राज्यस्तरीय सम्मान समारोह 28 जून को : ईश्वर कश्यप

- कश्यप राजपूत सभा के स्थापना दिवस समारोह में पहुंचने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

कश्यप समाज सेवा समिति के जिलाअध्यक्ष ईश्वर कश्यप ने बताया कि कश्यप राजपूत सभा के स्थापना दिवस एवं राज्यस्तरीय सम्मान समारोह 28 जून रविवार को कश्यप राजपूत भवन, कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जाएगा।

ईश्वर कश्यप ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, युवा पीढ़ी को प्रेरित करना और सामाजिक एकता व भाईचारे को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान समाज के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने समाज के लोगों से परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजन की शोभा बढ़ाने और समाज की प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की।



कश्यप समाज सेवा समिति के जिलाअध्यक्ष ईश्वर कश्यप।

## न्यूज डायरी



**गन्नौर।** एसआईआर कार्य के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ललिता।

### एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

**गन्नौर।** एसआईआर अभियान के तहत तहसीलदार एवं एईआरओ ललिता ने शनिवार को गन्नौर शहरी क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण और संग्रहण कार्य की जांच की तथा प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मतदाताओं के सत्यापन, नए मतदाताओं के पंजीकरण और मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। तहसीलदार ने बीएलओ और सुपरवाइजरों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

### गीता विद्या मंदिर में कन्नू को किया सम्मानित

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर, गोहाना ने रविवार को सीए बनी छात्रा कन्नू को सम्मानित किया। विद्यालय में योग दिवस भी बनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने योगाभ्यास से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय की वर्ष 2019-20 सत्र की पूर्व छात्रा कन्नू चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनी हैं। विद्यालय परिवार ने उन्हें श्रीफल और स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया और शुभकामनाए प्रदान करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य वक्ता नागराज अखिल भारतीय बौद्धिक टोली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने योग के महत्व पर प्रकाश डालतेकहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

### ब्लॉक कांग्रेस नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत

**खरखौदा।** शहर के गोपालपुर मार्ग पर स्थित एक निजी कार्यालय कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त खरखौदा ग्रामीण कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुनील दहिया का फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि, जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजीव दहिया, पूर्व विधायक पदम दहिया, पूर्व एचपीएससी सदस्य सुरेंद्र शर्मा, अंकित दहिया, सिकंदर दहिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खण्डेलवाल के जन्मदिवस पर कविगोष्ठी

**सोनीपत।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद सोनीपत इकाई की ओर से पूर्व प्राचार्य डॉ. शिव कुमार खण्डेलवाल के 97वें जन्मदिवस पर सेक्टर-15 स्थित उनके निवास चित्रकूट में कविगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कवि शैलेन्द्र गोयल ने की। शुभारंभ परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामधन शर्मा, इकाई अध्यक्ष नरेश आकाश, डॉ. शिव कुमार खण्डेलवाल और शैलेन्द्र गोयल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कविगोष्ठी में रामधन शर्मा ने अपनी कविता के माध्यम से डॉ. खण्डेलवाल को श्रद्धांजलि स्वरूप भाव व्यक्त किए।

### थैंक्स गिविंग एवं फेयरवेल समारोह

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अर्डेंट द्वारा रोटरी वर्ष 2025-26 के सफल समापन पर थैंक्स गिविंग एवं फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष पुनीत जग्गा को उनके सफल और प्रेरणादायक कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी तथा सदस्यों ने विदाई संदेश भी साझा किए। समारोह के चेयरमैन क्लब के पूर्व अध्यक्ष संदीप आहूजा रहे। अपने संबोधन में पुनीत जग्गा ने वर्षभर क्लब की सेवा परियोजनाओं और सामाजिक गतिविधियों को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार जताया।

### सामाजिक कार्यक्रम से संस्कृति सशक्त : जैन

**सोनीपत।** मेप्सिको सिटी स्थित प्राचीन देवी शक्ति मंदिर में आयोजित विशाल भंडारे तथा मुरथल रोड स्थित वृंदावन धाम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं भंडारा समारोह में सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की। मेयर राजीव जैन ने मंदिर परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान के श्रीचरणों में शीश नवाया तथा प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और सर्वजन कल्याण की कामना की। कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को सशक्त बनाने का कार्य करते है।

**राहत** दोनों तरफ बने नालों की बेहतर ढंग से सफाई करवाई जाएगी

# टेंडर लगाकर नपा ने एक जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर के अलावा सात कर्मचारी एक वर्ष के लिए किए तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नगर पालिका ने शहर में नालों की बेहतर सफाई के लिए 1 साल का टेंडर लगाकर 22 लाख रुपये की लागत से एक जेसीबी मशीन, एक ट्रैक्टर चालक सहित व 7 अन्य व्यक्ति साफ सफाई के कार्य करने के लिए टेंडर लगाकर कार्य पर लगा दिए हैं । नल की साफ सफाई स्लैब उठाने व अन्य सफाई कार्य में जहां भी सहयोग की जरूरत रहेगी यह सा व्यक्ति ठेकेदार की तरफ से हर समय उपलब्ध रहेंगे । नगर पालिका द्वारा किए गए सफाई के टेंडर में गन्नौर के रेलवे रोड पर दोनों तरफ बने नाले बेग रोड घुमड़ रोड वह खेड़ी गुर्जर रोड के दोनों तरफ बने नालों की बेहतर ढंग से सफाई करवाई जाएगी ताकि बरसात के मौसम में बरसात का पानी निकासी में कोई दिक्कत ना आए । टेंडर के अनुसार नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि उक्त नालों की एक साल के लिए जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर से यह कर्मचारी साफ सफाई का लगातार कार्य करते रहेंगे।



**गन्नौर।** रेलवे रोड पर टेंडर होने के बाद साफ सफाई का कार्य करती जेसीबी मशीन ट्रैक्टर व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### छह महीने में तीन और एक बार बरसात के बाद रहेगी प्राथमिकता : एमई

नगर पालिका के म्यूनिसिपल इंजीनियर राहुल मोर ने बताया कि नगर पालिका द्वारा 1 साल के लिए टेंडर लगाकर जेसीबी मशीन ट्रैक्टर व उनके साथ- 7 कर्मचारी लिए गए हैं जो कि शहर में सभी नालों की साफ सफाई का कार्य करते रहेंगे। इसके अलावा जो जन स्वास्थ्य विभाग के नाले हैं उनकी सफाई का कार्य जन स्वास्थ्य विभाग करवाएगा ।

### नालों की सफाई में कोठी मिलने पर नगरपालिका को करें शिकायत : सचिव

नगर पालिका सचिव प्रदीप ने बताया कि टेंडर लगाकर शहर की सफाई करने की जिम्मेदारी नालों की उक्त एजेंसी की है अगर कहीं पर भी नालों की सफाई में कहीं कमी मिले तो उनकी शहर के लोगों से अपील है कि वह नगरपालिका को अवगत करवा। संज्ञान में आने के बाद नाले की सफाई करवाने के साथ-साथ एजेंसी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी ।




## जिले भर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# समृद्ध जीवन की उन्नति का मार्ग है योग

### सभी प्रकार के भौतिक सुखों से बड़ा सुख स्वस्थ शरीर : लक्ष्मीनारायण

### योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की कला

### तनावमुक्त जीवन के लिए योग करना है सबसे सरल उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क योग शिविर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पधारे मुख्य अतिथि डॉ. संदीप मलिक का समिति सदस्यों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि के दीप प्रज्वलितन के बाद समिति के प्रधान, सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के आजीवन सदस्य इंजीनियर लक्ष्मीनारायण ने उपस्थित योग साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रकार के भौतिक सुखों से बड़ा सुख स्वस्थ शरीर है। समिति के उपप्रधान सतवीर सिंह, महाससचिव रविंद्र कुमार तथा मीडिया प्रभारी रणसिंह ने सामूहिक रूप से आसनों और प्राणायामों का अभ्यास करवाया।

*भारत की प्राचीन योग परंपरा आज विश्वभर में स्वास्थ्य और कल्याण का कर रही मार्गदर्शन*


सोनीपत। लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति द्वारा आयोजित शिविर में हिस्सा लेती प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### ऋषिकुल विद्यापीठ में करवाया योग प्रशिक्षण



**सोनीपत।** 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विशाल दुबे के निर्देशन में एवं एएनओ सेकंड ऑफिसर मोनिका के सहयोग से ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा, डायरेक्टर धीरज शर्मा तथा प्राचार्य उमेश कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय एएनओ मोनिका, योगेंद्र पाल, चेतन गोयल, सीटीओ निकेंद्र गुलिया, पीआई सूबेदार बलवान सिंह तथा सीटीओ प्रवीण (नेवल विंग) के पर्यवेक्षण में किया गया। योगाभ्यास का प्रशिक्षण योग प्रशिक्षिका लक्ष्मी द्वारा कराया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया।



### हिंदू गर्ल्स कॉलेज में 115 एनसीसी कैडेट्स ने किया योगाभ्यास

*हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत में 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी, सोनीपत के तत्वावधान में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 115 एनसीसी कैडेट्स एवं 35 एनसीसी स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आर्य समाज ट्रस्ट से पधारे योग प्रशिक्षक राजा ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर नीतू नसीयर दूहन, लेफ्टिनेंट प्रियंका, केयर टेकर ऑफिसर ज्योति तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा रंजन विशेष रूप से उपस्थित रहीं।*

### संत निरंकारी मिशन की शाखाओं में हुआ योग



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में योग एवं आध्यात्मिक जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्थानीय संयोजक अरविन्द डावर ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि संत निरंकारी मिशन की शाखा सोनीपत में भी योग दिवस उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्तों, सेवादल स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिन्दर सुखीजा के अनुसार, मिशन द्वारा देशभर के 1500 से अधिक केंद्रों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना था।

### योग भारत की ऐसी धरोहर, जो शरीर और मन दोनों को रखती है स्वस्थ : कादियान



**गन्नौर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को गन्नौर की नई अनाज मंडी उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विधायक कादियान ने कहा कि योग भारत की हजारों वर्ष पुरानी सांस्कृतिक विरासत है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। इससे शरीर स्वस्थ, मन शांत और विचार सकारात्मक रहते है। विधायक ने कार्यक्रम में आयुष विभाग के चिकित्सकों, योग सहायकों तथा योगाभ्यास में सक्रिय भागीदारी करने वाले युवाओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, आयुष विभाग की ओर से मुख्यातिथि विधायक कादियान को शॉल व तुलसी का पौधा देकर सम्मान दिया। इस अवसर पर एसडीएम प्रवेश कादियान, तहसीलदार ललिता, ट्रेनी तहसीलदार देवेंद्र कुमार, समाजसेवी अंकित मल्होत्रा, आयुष विभाग से डा. मनीष कुमार, एचएमओ डा. पुनीत गांधी, डा. ज्योति, डा. अंकिता, सीमा, मुस्कान, प्रदीप, डा. दिनेश,जगबीर देशवाल, अजय यादव, जोगेंद्र मलिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### टीकाराम महाविद्यालय में करवाया योग



***सोनीपत।*** *टीका राम कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. ऊषा दहिया द्वारा की गई। प्राचार्या ने सभी को संबोधित करते हुए योग को अपनी दिनचर्या में सम्मिलित करने और योग के शारीरिक व मानसिक प्रभावों को उजागर करने पर जोर दिया। योग के इस कार्यक्रम का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा करवाया गया। इस शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुमन मान ने बताया योग प्रोटोकॉल का अभ्यास महाविद्यालय की योग शिक्षिका डॉ. अल्का दहिया द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर गीता, कंचन, डॉ. हेमलता एवं स्टाफ मौजूद रहे। सोसायटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने महाविद्यालय को योग दिवस की बधाइयां देते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी।*

### योग के महत्व के बारे में दी जानकारी



***सोनीपत।*** *जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय परिसर स्थित जिला एडीआर सेंटर, सोनीपत में किया गया। कार्यक्रम में जिला एडीआर सेंटर एवं न्यायालय के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक कृष्ण पंचाल द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं योग संबंधी अभ्यास करवाए गए तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग के महत्त्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति, तनाव प्रबंधन एवं दैनिक जीवन में योग को अपनाने के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।*

### वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को बताए योग के फायदे



***सोनीपत।*** *अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोल्ड मेडल विजेता योग खिलाड़ी सृष्टि दहिया ने समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में पहुंचकर बुजुर्गों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने योग के विभिन्न आसन और प्राणायाम करवाते हुए नियमित योग के लाभों की जानकारी दी। सृष्टि दहिया ने बताया कि अहमदाबाद, गुजरात में 4 जून से 8 जून तक आयोजित पहली अंतरराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में 78 देशों के करीब 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक योग गतिविधियों में भाग लिया और इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था के योग शिक्षक हरज्ञान सिंह मलिक भी उपस्थित रहे और उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।*

### पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने किया योगाभ्यास



**सोनीपत।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेक्टर 15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में ग्रुप ऑफ सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, सोनीपत के तत्वावधान में आयोजित योग कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ योगाभ्यास किया तथा योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी ने पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### नियमित योग से बीमारियों से बचा जा सकता है : आंतिल



**राई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खेवड़ा गांव में जाखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल द्वारा योग शिविर का आयोजन कर लोगों को योग के प्रति जागरूक करवाया। कार्यक्रम में योग शिक्षक रविंद्र आर्य ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर बेहतर स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर सोमबीर, परमेंद्र, यज्ञदत्त शास्त्री, अजीत कोच, गुलाब, आनंद आंटिल तथा उदय सिंह सहित अन्य लोगों ने भी योग अभ्यास में भाग लिया और लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया।

### योग भारत की सबसे बड़ी सॉफ्ट पावर: कार्तिकेय शर्मा



**सोनीपत।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और योग साधकों को शुभकामनाएं दीं। कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि ने योग को वैज्ञानिक स्वरूप दिया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में रखे गए प्रस्ताव के बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया और आज योग भारत की सबसे बड़ी सॉफ्ट पावर बन चुका है। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त नेहा सिंह, एडीसी अजय चोपड़ा, प्रो. सुभाष सिसोदिया, रामबीर और राकेश आदि मौजूद रहे।

### डीबीएम स्कूल में योग के महत्व को समझाया



**गोहाना।** गोहाना-महम मार्ग पर गांव मदीना में स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसे बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। स्कूल के एमडी विकास मलिक ने बच्चों को योग के महत्व को बताते हुए जीवन में सच्चाई व ईमानदारी की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में गुरु और शिष्यों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और सूर्य नमस्कार के साथ अन्य योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने और अपने परिवार व समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

### योग को जीवनशैली में शामिल करने का दिया संदेश



**राई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह पंजाबी बिरादरी भवन में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नीमा सोनीपत द्वारा जंडू फार्मास्युटिकल्स एवं केरल आयुर्वेदा के सहयोग से किया गया, जिसमें करीब 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वैद्य राजीव गुप्ता ने किया, जबकि योग प्रशिक्षक बबीता एवं प्रीति ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में डॉ. परवीन अनेजा, सुमन अनेजा, संजय सेहरा, कामनी सेहरा, डॉ. राजीव बत्रा, डॉ. मिगलानी, डॉ. मनोज राय तथा डॉ. विद्याभूषण चौधरी सहित अन्य प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद पौधे वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



**गोहाना।** जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक योग शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा गोहाना मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल थे। संयुक्त अध्यक्षता एमडी एडवोकेट सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। विद्यालय में योग शिविर का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक योग के महत्व को पहुंचाने के साथ स्वस्थ भारत एवं सशक्त भारत के संदेश को आगे बढ़ाना था। शिविर में गुरु और शिष्यों के साथ आमजन ने भी अपनी सहभागिता दर्ज करवाते हुए योग का अभ्यास किया। इस अवसर पर डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, सूरजमल शर्मा, डॉ. रमेश कश्यप, डॉ. विजेन्द्र खींची, विजय मेहरा, सतीश सैनी, राजू खन्ना, विक्रम इंडियन और विजय निनानिया आदि उपस्थित रहे।

### महायोग फाउंडेशन ने करवाया योग



**सोनीपत।** महायोग फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का आयोजन मैप्सको सिटी पार्क, सेक्टर-27, सोनीपत में स्वामी कदम श्री के मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े 300 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थी, शिक्षक, चिकित्सक, उद्योगपति, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कर्मचारी, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, युवा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010



### सौरभांचल तीर्थक्षेत्र में भव्य पालकी यात्रा एवं महामस्तकाभिषेक का धार्मिक कार्यक्रम

**गन्नौर।** श्रुतपंचमी महोत्सव एवं सौरभांचल दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र के 20वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में सौरभांचल में धार्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के पावन दिशानिर्देश एवं प्रेरणा से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ भाग लेते हुए मंदिरजी की परिक्रमा लगाई। सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय नारों एवं जिनेन्द्र भक्ति से गुंजायमान रहा। महोत्सव के दौरान मूलनायक भगवान मुनिसुव्रतनाथ की प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक संपन्न हुआ। साथ ही वेदी में विराजित सभी 11 प्रतिमाओं का प्रथम बार सामूहिक रूप से शांतिधारा एवं अभिषेक किया गया। इस अवसर पर तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, सचिव मनीष जैन, कोषाध्यक्ष विनय जैन, चेयरमैन आनंद जैन तथा दिगंबर जैन समाज गन्नौर के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### योग प्राचीन संस्कृति की अमूल्य विरासत

**खरखौदा।** 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनाज मंडी, खरखौदा में ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एसडीएम अमित कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, मानसिक एकाग्रता बढ़ती है तथा जीवनशैली में सुधार आता है।

## शिक्षा व रोजगार संकट पर युवाओं के समर्थन में कांग्रेस चलाएगी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




शिक्षा और रोजगार के मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविवार को सुभाष चौक स्थित कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने की और मुख्य वक्ता सांसद सतपाल ब्रह्मचारी रहे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा व्यवस्था और रोजगार के अवसरों को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि देश का युवा शिक्षा और रोजगार के दोहरे संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताओं, प्रश्नपत्र लीक होने तथा भर्ती प्रक्रियाओं में देरी के कारण युवाओं में निराशा का माहौल है। सासंद ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी राज्यव्यापी जनजागरण अभियान शुरू कर रही है। अभियान के तहत राजस्थान के कोटा में राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत कोटा फैक्ट्री कार्यक्रम के प्रमुख बिंदुओं को जनता तक पहुंचाया जाएगा। प्रेस वार्ता में विधायक इंदुराज नरवाल, जयबीर बाल्मीकि, पदम दहिया, सुरेंद्र शर्मा, जयवीर अंतिल, जयभगवान आंतिल, प्रशांत शर्मा, मुकेश पन्नालाल, जयकवार खत्री, प्रेम नारायण गुप्ता, नीटू दहिया और सुनील दहिया आदि मौजूद रहे।